NHSRCL
National High Speed Rail Corporation Ltd.
RAJASTHAN PATRIKA, Surat, 19.5.2025
Page No. 3, Size:(14.30)cms X (4.76)cms.
Other Edition: Ahmedabad

सूरत बुलेट ट्रेन स्टेशन का स्टील स्ट्रक्चर पूरा, फिनिशिंग शुरू

सूरत@पत्रिका. मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल कॉरिडोर (एमएएचएसआर) पर सूरत के पास अंत्रोली में बुलेट ट्रेन का रेलवे स्टेशन स्थित है, जिसका कुल निर्मित क्षेत्रफल 58,532 वर्ग मीटर है। स्टेशन की कुल ऊंचाई जमीन से स्टील संरचना के शीर्ष तक करीब 26.3 मीटर है। सूरत देश और दुनिया में हीरा उद्योग के लिए प्रसिद्ध है। स्टेशन के अग्रभाग और अंदरूनी भाग के डिजाइन की अवधारणा हीरे के पहलू का प्रतिनिधित्व करती है। नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एनएचएसआरसीएल) के अधिकारियों ने बताया कि स्टेशन बिल्डिंग का स्टील स्ट्रक्चरल काम पूरा हो चुका है और फिनिशिंग का काम चल रहा है। इसमें प्लंबिंग, फायर फाइटिंग और इलेक्ट्रिकल काम शामिल हैं। एप्रोच और क्रॉस ओवर सेक्शन इरेक्शन का काम (मुंबई की तरफ) पूरा हो चुका है। अग्रभाग और छत की शीटिंग का मॉक अप चल रहा है। साथ ही यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए केंद्रीय वातानुकूलन, बिजनेस क्लास लाउंज, नर्सरी, प्रतीक्षा क्षेत्र, लिफ्ट, एस्केलेटर आदि जैसी सुविधाओं की योजना बनाई गई है। मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन कॉरिडोर के लिए विद्युतीकरण का काम शुरू हो गया है, जिसके तहत गुजरात में सूरत-बिलीमोरा बुलेट ट्रेन स्टेशनों के बीच स्टील मास्ट स्थापित किए जा रहे हैं।